



# टाइगर मासूम बच्चियों को देता था टॉफियों का लालच, करता था अश्लील इशारे

## आरोपित की जेब से छोटा चाकू, चाकलेट और आपत्तिजनक चीज मिली

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 2 दिसम्बर, नाबलिग बच्चियों को अश्लील इशारे करने वाले एक युवक को पुलिस ने हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसका जुलूस निकाला पूरा मामला कस्बा बागरोद का बताया जा रहा है. मामले की जानकारी लगने पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए.ग्राम क़स्बा बागरोद के प्राथमिक स्कूल की नाबालिग छात्राओं से दूसरे धर्म के एक युवक ने अश्लील हरकत कर दी.**

मामले की भनक जब परिजन और आसपास के नागरिकों को लगी तो आक्रोश भड़क गया. आरोपी को पड़कर त्योंदा पुलिस के हवाले कर दिया. पुलिस ने आरोपि को गिरफ्तार कर लिया है. उसके पास से चाकलेट,छोटा चाकू और आपत्तिजनक पैकेट बरामद किए हैं. शिकायत करने पहुंचे नागरिकों ने बताया किआरोपित हर मंगलवार को कस्बा बागरोद में हाट बाजार हम्माली करने आता था. बच्चियों को अश्लील इशारे करता था. पिछले दिनों भी इसी तरह की हरकत की थी उस समय बच्चियां उसके पास नहीं गईं और न ही शिकायत की. लेकिन मंगलवार को फिर वही युवक वापस आकर बच्चियों से इशारे करने लगा. इस जानकारी के बाद कक्षा 2 से आठवीं तक पढ़ने वाली करीब 7 से 8 बच्चियां थाने पहुंचीं और अपनी आपबीती पुलिस अधिकारियों को बताई. मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी शिखा भलावी त्योंदा थाने पहुंची। पीड़ितों की शिकायत सुनी, मौके पर पठारी थाना प्रभारी गौरव बाजपेई, बासौदा शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे मौके पर पहुंच गए .



आरोपी हलीम खान उर्फ टाइगर 35 वर्ष बताया जा रहा है. वह राहतगढ़ से हम्माली करने कस्बा बागरोद मंडी में आता था. मंडी के समीप ही स्कूल है। स्कूल के बाहर खड़े होकर छोटी-छोटी बच्चियों को अश्लील हरकत कर रहा था.` लेकर आई तो उसकी जेब सेएक छोटा चाकू मिला. साथ ही कुछ चाकलेट भी वह अपने पास रखे हुए था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एससी एसटी एक्ट और पाक्सो एक्ट का मामला भी दर्ज किया है.शिखा भलावी एसडीओपी गंजबासौदा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया है उसके विरुद्ध एससी एसटी एक्ट पाक्सो एक्ट के तहत विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की गई है.

## मुस्लिम धर्म अपनाने की जिद पर अड़ी युवती

### दिया आवेदन, धर्म परिवर्तन की मांगी इजाजत

**मंगलवार को शमशाबाद तहसील के ग्राम बरुआ खार निवासी एक 20 वर्षीय युवती कलेक्टोरेट पहुंची और कलेक्टर के नाम जनसुनवाई में आवेदन देकर धर्म परिवर्तन करने की अनुमति मांगी है.**

शमशाबाद तहसील के ग्राम बरुआ खार निवासी 20 वर्षीय युवती ने मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंची और आवेदन देखकर धर्म परिवर्तन करने की अनुमति मांगी। इस दौरान उन्होंने बताया कि वह हिंदू धर्म में पैदा हुई है और उनके माता-पिता की मौत हो चुकी है। वह अकेली रहकर गांव में अपना जीवन यापन कर रही है। उन्होंने कहा कि मेहनत मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रही है और वह हिंदू धर्म को छोड़कर मुस्लिम धर्म अपनाना चाहती है. उन्होंने कहा कि बचपन से ही उसे मुस्लिम धर्म अच्छा लगता है इसलिए वह मुस्लिम धर्म अपनाना चाहती है. इस दौरान उन्होंने आवेदन में बताया उनके ऊपर न तो कोई दबाव है और न ही कोई जबरदस्ती है और वह नशे की हालत में भी नहीं है और न ही मानसिक रूप से है. उन्होंने कहा कि वह अपनी इच्छा से सनातन धर्म को छोड़कर इस्लाम धर्म अपनाना चाहती है. उन्होंने बताया कि उनके परिवार में उनके अलावा कोई नहीं है और वह बालिग हो चुकी है अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन करना चाहती है. उन्होंने आवेदन के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि उन्हें इस्लाम धर्म अपनाने की अनुमति दी जाए. इस आवेदन को देखते ही जनसुनवाई में मौजूद अधिकारियों द्वारा इस मामले को एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे के पास भेजा गया और एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने युवती को काफी समझाइश दी और कहा कि इस मामले में किसी भी प्रकार का अगर कोई दबाव है या कोई जोर जबरदस्ती हो रही है तो उन्हें बताया जाए, वह उनकी पूरी मदद करने के लिए तैयार हैं. वहीं इस मामले को लेकर महिला थाना प्रभारी को बुलाया और मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच पड़ताल करने के निर्देश दिए.



## एक नजर में

### जेल में हुआ गीता पर प्रवचन

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** गीता जयंती के अवसर पर जिला जेल विदिशा में गीता पाठ एवं प्रवचन का आयोजन रखा गया. गीता पर प्रवचन देते हुए गायत्री प्रज्ञा पीठ के ट्रस्टी मुकेश श्रीवास्तव ने कैदियों को गीता के ज्ञान को आत्मसात कर आपराधिक मनोवृत्ति से मुक्त होने एवं श्रेष्ठ नागरिक बनने की प्रेरणा दी. उन्होंने बताया कि अर्जुन जिज्ञासु बनकर भगवान कृष्ण से प्रश्न करते हैं की हे कृष्ण आखिर मनुष्य इच्छा न होते हुए भी पाप कर्म क्यों करता है ? जिसका परिणाम उसे दुख के रूप में भुगतना पड़ता है. इस पर भगवान कृष्ण अर्जुन को समझाते हुए कहते हैं कि काम ,क्रोध, मोह ,लोभ, अहंकार आदि मनोविकारों पर नियंत्रण न कर पाने के कारण कारण मनुष्य पाप कर्म पर मजबूर हो जाता है.कार्यक्रम के अंत में जेल अधीक्षक प्रियदर्शन श्रीवास्तव ने गायत्री परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कैदियों से गीता के ज्ञान को अपने व्यवहारिक जीवन में उतारने एवं अपराधिक जीवन से मुक्त होकर जिम्मेदार नागरिक बनने की सलाह दी.

### कस्बाखेड़ी में मतदाता सूची डिजिटाइजेशन का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,**मतदाता सूची के डिजिटाइजेशन कार्य में कस्बाखेड़ी ग्राम ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है.161 लालाराम जाटव 148 शमशाबाद द्वारा 22 नवंबर को डिजिटाइजेशन का 100 प्रतिशत कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया.इस उपलब्धि पर शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय कस्बाखेड़ी में एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया.

## मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा लापरवाही के विरोध में भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति की रैली

**खास बातें**

- मेडिकल कॉलेज असुरक्षित, ढोल-नारे बाजी के साथ कार्रवाई की मांग
- डीन पर गंभीर आरोप, सात दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, भ्रष्टाचार उन्मूलन संघर्ष समिति ने गुरुवार को मेडिकल कॉलेज से ढोल-नगाड़ों के साथ रैली निकालते हुए कॉलेज प्रबंधन और डीन मनीष निगम के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया.**

रैली में समिति के सदस्यों ने मेडिकल कॉलेज में हो रहे कथित भ्रष्टाचार और सुरक्षा संबंधी लापरवाहियों को लेकर नारेबाजी की. समिति के अध्यक्ष रवि साहू ने बताया कि सतपाड़ा भवन से फायर सेफ्टी विभाग द्वारा तीन बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं, लेकिन मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने आज तक किसी भी नोटिस का जवाब नहीं दिया. ऐसी स्थिति में कॉलेज परिसर में आगजनी की संभावित घटनाओं को लेकर गंभीर खतरा बना हुआ है. साहू ने आरोप लगाया कि मेडिकल कॉलेज के पास लाइट विभाग की एनओसी नहीं है. आग बुझाने वाले सिलेंडर, जिन्हें हर 6 महीने में रिफिल होना चाहिए, उनके सिर्फ कागज बदले जा रहे हैं और रिफिलिंग नहीं कराई जा रही इससे पूरा परिसर असुरक्षित हो गया है. उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज की कैंटीन में भी घरेलू सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है, जो नियमानुसार प्रतिबंधित है. उन्होंने याद दिलाया कि देशभर के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में इसी तरह की लापरवाही के कारण गंभीर हादसे हो चुके हैं. समिति ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा व्यवस्था और भ्रष्टाचार संबंधी आरोपों पर जांच कर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे.



## टोकन रह गया हाथ में खाद ले गया कोई और

### सतपाड़ा समिति का मामला, कलेक्टर से की शिकायत

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** सतपाड़ा समिति के गोलना निवासी कृपाल सिंह यादव ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई. उन्होंने आरोप लगाया कि सतपाड़ा सोसाइटी में दस बोरी खाद उनके नाम के जारी टोकन पर किसी अन्य व्यक्ति द्वारा निकाल ली गई है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. कृपाल सिंह ने बताया कि जब वे निर्धारित टोकन के आधार पर खाद लेने सोसाइटी पहुंचे, तब उन्हें पता चला कि उनके टोकन पर पहले ही किसी और ने खाद ले ली है. इससे उनकी फसल में खाद डालने का समय निकल रहा है और कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है. किसान ने सोसाइटी प्रबंधकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से मांग की है कि इस प्रकरण की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी और किसान को इस प्रकार की समस्या न झेलनी पड़े.





## विदिशा से चार छात्रों का हुआ राष्ट्रीय टीम में चयन

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** मध्य प्रदेश लगोरी संगठन द्वारा सुहागपुर में 26 नवम्बर राज्य स्तर लगोरी प्रतियोगिता आयोजित की गई. जिसमें मध्य प्रदेश के सभी जिलो से कक्षा 12वी तक के छात्र छात्राओ ने भाग लिया. प्रतियोगिता में देल्ही वर्ल्ड पब्लिक स्कूल विदिशा की टीम सेमी फाइनल तक पहुंची और कांस पदक से सम्मानित हुई एवं देल्ही वर्ल्ड पब्लिक स्कूल से कक्षा 8 से प्रिंस यादव तथा कक्षा 9 से धर्मेंद्र साहू , आदर्श गौर एवं अरुण अहिरवार का मध्य प्रदेश लगोरी संघ द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चयन किया गया है. विद्यालय के स्टाफ, प्रिंसिपल संजय पाण्डेय एवं डायरेक्टर हर्षित राज चौधरी ने सभी छात्रों की सराहना की.विद्यालय के चेयरमेन डॉ. राजीव चौधरी ने सभी खिलाडियों को बधाई दी एवं प्रशंसा करते हुए कहा कि बहुत ही गर्व कि बात है कि बचपन में खेले जाने वाला खेल लगोरी जिसे हम सभी लोग पिट्ठू या सतोलिया के नाम से जानते है, आज बच्चों ने उसमे राष्ट्रीय स्तर पर अपना एवं अपने विद्यालय और शहर का नाम गौरान्वित किया है.मैं आशा करता हूँ हमारे बच्चे इसी प्रकार अपने विद्यालय, शहर एवं देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी रोशन करेंगे.

## आयकर विभाग ने ट्रस्ट एवं संस्थाओं से जुड़े नये प्रावधानों पर आयोजित किया आउटरीच प्रोग्राम

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, आयकर विभाग द्वारा आज होटल विलेज डेस्क में एक विशेष 'आउटरीच प्रोग्राम' आयोजित किया गया. कार्यक्रम नवीन आयकर अधिनियम 2025 में ट्रस्ट एवं संस्थाओं से संबंधित प्रस्तावित संशोधनों तथा आयकर अधिनियम 1961 के पूर्व प्रावधानों के तुलनात्मक विश्लेषण पर केंद्रित रहा यह आयोजन टैक्स प्रैक्टिशनर्स एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण उपयोगी सिद्ध हुआ. जिसमें आयकर विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा नये प्रावधानों के व्यवहारिक प्रभाव और उनकी तकनीकी नियमों को विस्तारपूर्वक समझाया गया. कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं के रूप में आयकर विभाग के मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ प्रभारी अभिषेक मिश्रा एडिशनल कमिश्नर ने ट्रस्टों से जुड़ी लंबित/पुरानी डिमांडों के संदर्भ में मिलने वाली राहत एवं नयी प्रक्रियाओं के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की तथा श्रीमती शिखा जेटली,आयकर अधिकारी ने संबोधित किया.**



कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं संचालन सीए विकास जैन द्वारा किया गया. आयकर विभाग की ओर सौरभ कुमार , इनकम टैक्स इंस्पेक्टर कुशाल , स्टेनो विशेष की उपस्थिति रही.इसके अलावा कार्यक्रम में टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के संरक्षक एवं पूर्व वित्त मंत्री राघव भाई सावला एवं एसएस एल जैन संस्था के ट्रस्टी संजय जैन ,वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक जैन,कर सलाहकार एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स उपस्थित हुए जिनम चक्रेश जैन, दिनेश काबरा, अंशुज शर्मा, अभिषेक जैन, अंकुर पिंगले, शरद सिंघवी, संदीप शाह, राजेश शर्मा, देवेंद्र परिहार आदि शामिल हुए. उक्त जानकारी टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के प्रवक्ता दीपक नेमा एडवोकेट द्वारा प्रदान की.



## तीन सवारी और बिना हेलमेट वालों पर चालानी कार्यवाही

### यातायात पुलिस ने मंगलवार को चलाया अभियान

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** शहर की यातायात पुलिस ने मंगलवार को दो पहिया वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्यवाही स्वामी विवेकानंद चौराहे पर की. इस दौरान चार नियमों को तोड़ने वाले वाहन चालक कार्यवाही की जद में फंसे. बताया गया कि जिन वाहन चालकों ने हेटमेट नहीं पहना था, जिनके वाहनों का बीमा नहीं था और जिनके वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगी थी वहीं तेज गति से चलने वाले वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई. वाहनों की जांच का अभियान 21 नंबवर से 10 दिसंबर चलाया जाएगा. यह अभियान एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर चलाया जा रहा है. इस अभियान के तहत शहर के अलग अलग चौराहों पर यातायात की पुलिस टीम वाहनों की जांच कर नियम तोड़ने वालों पर चालानी कार्यवाही कर रही है. यातायात प्रभारी आशीष राय ने बताया कि कई वाहन चालकों के चालान काटे गए तो अधिकांश वाहन चालकों का समझाइस दी गई कि यातायात के नियमों का पालन कर सुरक्षित यात्रा करें.

**शिकायत** | **पुलिस ने कहा पुलिस पंचायत में मामला रखकर करेंगे सुनवाई**

## बेटे से बचने माता-पिता आये जहर लेकर, घर से निकाल दिया, मांगी मदद

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** मंगलवार की दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब एक बुजुर्ग दंपति अपने साथ जहर लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे जहां पर उन्होंने जहर की पुड़िया निकाली और दिखाते हुए कहा कि यदि इस बार सुनवाई नहीं हुई तो यहीं पर जहर खाकर जान दे देंगे. यह बुजुर्ग दंपति पुलिस के भी सताए हुए हैं. 6 बार शिकायत की जा चुक है लेकिन अभी तक उनकी परेशानी नहीं सुनी गई. माता पित अपने बेटे और बहू के सताए हुए हैं. बंटी नगर स्थित आम वाली कॉलोनी में रहने वाले सीताराम अहिरवार अपनी पत्नी के साथ जहर की पुड़िया लेकर जनसुनवाई में पहुंचे जहां उन्होंने अपने ही बेटा बहू द्वारा घर से निकल जाने के आरोप लगाए साथ-साथ बेटी और दामाद द्वारा भी मारपीट करने की शिकायत की उन्होंने बताया कि सिविल लाइन थाने में तकरीबन 6 शिकायत है की जा चुकी है लेकिन पुलिस ने अब तक किसी भी मामले में कड़ी कार्रवाई नहीं की नतीजा यह हुआ कि है कि बेटा बहू ने घर से बाहर निकाल दिया.



जिसके चलते दोनों बुजुर्ग खेत पर बने छोटे से टपरे में गुजर बसर कर रहे हैं. इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने कहा कि दोनों को समझाइस दी गई है साथ ही इनका आवेदन कल बुधवार को होने वाली सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत की सुनवाई में रखा जा रहा है जहां उनके बेटे बहू और परिवार के अन्य लोगों को भी बुलाया जाएगा.

### वहां बेटे ने की मारपीट तोड़ दिया पैर

वहीं दूसर मामला गुलाबगंज से सामने आया जहां एक महिला शिकायत करने एसपी के पास आई. पुलिस की जनसुनवाई के दौरान गुलाबगंज में रहने वाली एक महिला व्हीलचेयर पर बैठकर अपनी फरियाद लेकर पहुंची महिला का नाम पुष्पबाई अहिरवार था. उन्होंने बताया कि करीब डेढ़ महीने पहले उनकी ही बेटे द्वारा लाठी डंडों से मारपीट कर उनके पैर को तोड़ दिया गया था। जिसमें रॉड डली है, उन्होंने पुलिस के सामने शिकायत करते हुए अपनी बेटे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.उन्होंने बताया कि उसके दो बेटे थे एक बेटे की मौत हो चुकी है. अब राहुल उनका बेटा है और वही उनके साथ इस प्रकार का व्यवहार कर रहा है. इस मामले में एएसपी प्रशांत चौबे ने कहा कि मामले में गुलाबगंज टीआई को निर्देशित किया गया है कि वह महिला के घर जाकर मामले की जांच करेंगे और निमय अनुसार कार्यवाही की जाएगी.

## एड्स से लड़ने केंडल मार्च, रैली व मानव श्रृंखला

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,सम्राट अशोक टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब की छात्र-छात्राओं द्वारा संस्था प्रांगण से कैंडल मार्च निकाला गया.संस्था प्राचार्य डॉक्टर नवीन गोयल ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष में कहा कि आज एड्स जैसी लाइलाज बीमारी का एकमात्र उपाय जागरूकता ही है हम स्वयं जगें और समाज को जगाएं जिससे इस बीमारी को होने से बचाया जा सके.**




इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी एवं रेड रिबन क्लब प्रभारी बृजेश कुमार प्रजापति ने संबोधित करते हुए कहा विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में संदेश जाना चाहिए कि आज हम इस बीमारी से रोग मुक्त हो सकते हैं जानकारी और बचाव इसका एकमात्र इलाज है.एचआईवी एड्स साथ रहने साथ खाने या छूने से नहीं फैलती है इसके चार प्रमुख बड़े कारण हैं जिसमें गर्भवती माता से होने वाली संतान को संक्रमित रक्त चढ़ाने से संक्रमित सुई इस्तेमाल करने से असुरक्षित यौन संबंध से यह चार प्रमुख बड़े कारण हैं,जिससे एचआईवी एड्स हो सकता है इसके प्रति हम जानकारी रखें.समाज में जागरूकता लाएं स्वयं जागरूक बने तो इसको रोका जा सकता है.विद्यार्थियों ने संस्था के गेट पर कैंडल जलाकर डरना नहीं समझना होगा तभी एचआईवी एड्स से बचना होगा के नारे लगाए.दुर्गा नगर चौराहा तक रैली निकाली और मानव श्रृंखला बनाई.